सत्यमेव जयते | वर्ष 1 अंक 15 | पृष्ठ 08 | जालौर, बुधवार, 6 जूलाई 2022 | राजस्थान के समस्त जिलो में प्रसारित | निर्भीक ॥ निडर ॥ निष्पक्ष | मूल्य-2 रूपये

दैनिक

# गुरुज्योति पत्रिका

GET IT ON Google Play | सत्य का पुजारी हूं, भले ही छोटा ही सही, असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं | Available on the App Store

# राजस्थान में बिजली गिरने से 8 की मौत, 3 झुलसे

**जयपुर**

राजस्थान में मंगलवार से बारिश का दौर फिर शुरू हो गया। देर शाम उदयपुर, जोधपुर संभाग के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। गर्मी-उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद राहत मिली। वहीं, कई स्थानों पर मौसम में आया बदलाव लोगों की परेशानी का कारण भी बना। तेज बारिश के साथ बिजली गिरने के कारण राजस्थान के तीन जिलों में 8 की मौत हो गई, जबकि 3 लोग झुलस गए हैं।



### चार-चार लाख मिलेंगे

प्रतापगढ़ जिले में बिजली गिरने से एक महिला सहित तीन लोगों की जान गई है। इनमें धमोतर थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रही एक महिला भगली देवी (30) और देवगढ़ में ताराचंद मीणा (31) शामिल हैं। वहीं एक और व्यक्ति की मौत खेत में काम करने के दौरान हुई है।

### खेत पर काम कर रहे थे

चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में आकाशीय बिजली गिरने से दंपती की मौत हो गई। एसडीएम कैलाश चंद गुर्जर ने बताया कि रावतभाटा के एकलिंगपुरा पंचायत के गांव खातीखेड़ा में खेत पर काम कर रहे रमेश भील (40) और कमला भील (38) की मौत हो गई।

### गर्मी-उमस से परेशान हुए लोग



एक तरफ दक्षिण राजस्थान के जिलों में तेज बारिश हुई तो दूसरी तरफ राज्य के अन्य शहरों में गर्मी के तेवर तेज रहे। जयपुर, अलवर, भरतपुर, कोटा, बीकानेर, सीकर, गंगानगर, हनुमानगढ़ में दिन में गर्मी के साथ ही उमस भरा मौसम रहा। गंगानगर में तो पारा आज 41 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला गया। वहीं जैसलमेर, चूरू में पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

### अब आगे क्या?

मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक 6 जुलाई को कोटा, झालावाड़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में तेज बारिश हो सकती है। 7 और 8 जुलाई को कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, झालावाड़ और राजसमंद में भारी बारिश का अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# एक दिन ब्रेक के बाद फिर एक्टिव मानसून; जमकर बरसे बदरा

### घर के आंगन में बैठे थे

बांसवाड़ा के कुशलगढ़ उपखंड के भोराज गांव में मंगलवार शाम करीब सवा सात बजे दर्दनाक हादसा हुआ। घर के आंगन में बैठे हुए मोहन पुत्र हीरा पारगी, सुनीता पुत्री मोहन पारगी व राजपाल पुत्र मोहन पर आकाशीय बिजली गिर गई। मौके पर ही इनकी मौत हो गई। सोहनलाल पुत्र हीरा सहित परिवार के दो अन्य सदस्य झुलस गए। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत में सुधार है। रात करीब 9 बजे बांसवाड़ा के कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा पहुंचे। मृतक के परिवारों को चार-चार लाख रुपए देने की घोषणा की।

### बारिश का अलर्ट

राजस्थान के शेष हिस्सों में आज भी लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए उदयपुर, कोटा संभाग के जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### कई हिस्सो में 3 इंच तक बरसात

स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक आज जालोर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश हुई। जालोर के कई हिस्सो में 2 इंच तक बरसात हुई। जालोर शहर में तेज बारिश के बाद सड़कें पानी से लबालब हो गई। सड़कों पर पानी ऐसे बहता दिखा मानो कोई नदी बह रही हो। मौसम की पहली तेज बारिश का लोगों ने भी जमकर लुफ्त उठाया और बच्चे सड़कों पर पानी में नहाने का आनन्द लेते दिखे। इसी तरह भीनमाल, सांचौर समेत जिले के दूसरे हिस्सों में भी तेज बारिश हुई।

### जगह-जगह जलभराव

डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर में भी अच्छी बारिश हुई। डूंगरपुर में देर शाम बारिश के बाद कई जगह पानी भर गया और बरसाती नाले बहते नजर आए। इससे एक दिन पहले डूंगरपुर, बांसवाड़ा में भी बीती रात अच्छी बारिश हुई। डूंगरपुर के आसपुर में कल देर शाम से आज सुबह 8:30 बजे तक 120 एमएम जबकि उदयपुर के जयसमंद में 100 एमएम बारिश हुई।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### कार-पिकअप में भीषण भिड़ंत, 4 दोस्तों की मौत



**दौसा**

मनोहरपुर-कौथून हाईवे पर कार-पिकअप की भीषण टक्कर में चार दोस्तों की मौत हो गई। कार सवार युवक कानपुर जिले के रहने वाले थे और खाटूश्यामजी दर्शन को जा रहे थे। हादसा दौसा जिले के सैंथल थाना इलाके में मंगलवार सुबह हुआ है। सैंथल थाना प्रभारी अजीत बडसरा ने बताया कि कानपुर जिले के नमस्ता क्षेत्र से 5 दोस्त कार से खाटूश्यामजी के दर्शन करने सोमवार सुबह 11 बजे निकले थे। दौसा के बापी गांव के पास मंगलवार सुबह 4:30 बजे के करीब उनकी कार व पिकअप में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

### जयपुर आएंगी राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू

**जयपुर**

गुलाबचंद काटिरया ने जानकारी दी कि द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई को जयपुर आएंगी। उनका सभी सांसद और विधायकों से व्यक्तिगत मिलने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई को जयपुर आएंगी। वे यहां भाजपा सांसदों और विधायकों से मुलाकात करेंगी और समर्थन की अपील करेंगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने मुर्मू के आने पर भाजपा के सभी विधायकों और सांसदों को जयपुर पहुंचने को कहा है। कटारिया ने सभी भाजपा सांसदों और विधायकों से 12 जुलाई को सुबह 10 बजे तक जयपुर पहुंचने का आग्रह किया है। इसी दिन सांसदों-विधायकों की संयुक्त बैठक भी रखी गई है। बैठक का स्थान और समय अलग से अवगत करवाया जाएगा।

### राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका, सभी चोरों का नाम मोदी क्यों बयान पर मुश्किल में घिरे



**रांची**

2019 लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है वे सभी चोर हैं। सभी मोदी चोर हैं बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए उन्हें अपनी बात रांची के सिविल कोर्ट में कहने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने कहा कि वह जिन बिंदुओं को हाईकोर्ट में उठा रहे हैं उन्हें सिविल कोर्ट में उठाना चाहिए। इसके पूर्व हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने शिकायत दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है वे सभी चोर हैं। इससे मोदी समाज आहत हुआ है और उनके सम्मान को ठेस पहुंची है।

## बाइक से पीछा करने लगे तो मारने की धमकी दी: 30 कीमी तक पीछा करते रहे दो सगे भाई, पुलिस को बताते रहे लोकेशन

**जयपुर**

उदयपुर के कन्हैया की हत्या कर फरार हुए रियाज और गौस मोहम्मद को भीम (राजसमंद) के दो सगे भाईयों ने पकड़वाया था। इन युवकों ने ही दोनों बदमाशों के बाइक पर भागने की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद ये दोनों भाई बाइक लेकर बदमाशों के पीछे हो लिए। करीब 30 किलोमीटर दूर जाकर पुलिस नाकेबंदी में दोनों बदमाश पकड़े गए। ये दोनों भाई हैं शक्तिसिंह और प्रहलादसिंह। उन्होंने बताया कि करीब 30 किलोमीटर तक पुलिस नाकेबंदी और गश्त नहीं थी। उसके बाद भी वे लोग इन बदमाशों का पीछा करते रहे। पलपल की जानकारी पुलिस को देते रहे। दोनों युवक मंगलवार को जयपुर पहुंचे। लसानी के प्रहलाद ने बताया कि उसे बाबूसिंह जी हैड कॉन्स्टेबल का फोन आया था कि उदयपुर में जो हत्याकांड हुआ है, उस के दो आरोपी आप की ओर भी आ सकते हैं। इस पर प्रहलाद अपने भाई शक्तिसिंह के साथ भीलवाड़ा-देवगढ़ मार्ग पर स्थित सूरजपुरा बस स्टैंड पर जा कर बैठ गए। इसी दौरान एक बाइक पर उसी शक्ल के दो युवक तेजी से निकले। इस पर प्रहलादसिंह ने बाइक से उनका पीछा करना शुरू किया। प्रहलाद के भाई शक्तिसिंह ने फोन पर हैड कॉन्स्टेबल बाबूसिंह को जानकारी दी की दोनों बदमाश उन्हें दिखे हैं। दोनों उनका पीछा कर रहे हैं। 5 किलोमीटर पीछा करने पर दोनों बदमाशों ने प्रहलाद को डराया कि वह उनका पीछा न करें नहीं तो उनकी भी हत्या कर दी जाएगा। बदमाशों ने इस दौरान दोनों भाइयों को हथियार भी दिखाया। बाबूसिंह ने फोन पर बताया कि आगे नाकेबंदी है। पुलिस पकड़ लेगी, लेकिन वहां पर नाकेबंदी नहीं मिली। प्रहलाद के भाई शक्तिसिंह ने बताया कि सड़क पर कहीं पर भी नाकेबंदी नहीं थी। कई किलोमीटर बाइक चलाने के बाद पीछे से पुलिस गाड़ी आई तो पुलिसकर्मियों को हमने बदमाशों के आगे भागने की जानकारी दी। जिस पर पुलिस जीप बदमाशों का पीछा करने लगी। जिसके बाद दोनों भाई भी पुलिस जीप के पीछे हो गए। पुलिस ने बदमाशों को घेर कर पकड़ा। करणी सेना की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की गई है कि इन दोनों युवकों को पुलिस सुरक्षा दी जाए। दोनों युवक जब दोनों आतंकियों का पीछा कर रहे थे तो उन्होने इन्हे चाकू दिखाकर डराने का भी प्रयास किया लेकिन ये लोग नहीं डरे और भागते आतंकियों का पीछा करते रहे। बदमाशों के पकडे जाने के 5 दिन बाद भी इन दोनों भाइयों का नाम ना तो सरकार ने बताया और ना ही इंटेलीजेंस ने सरकार तक पहुंचाया।



*सीएम अशोक गहलोत भी सोमवार को दोनों भाई से मिल*

## विधायक खरीद-फरोख्त मामले में शेखावत को एएसपी ने नोटिस तामील कराया, 15 जुलाई को कोर्ट में होंगे पेश

**जयपुर**

हॉर्स ट्रेडिंग मामले में गजेद्र सिंह शेखावत से एएसपी ने नोटिस पर साइन ले लिए हैं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री को कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष रखना होगा। विधायक खरीद-फरोख्त मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम गजेंद्र सिंह शेखावत के घर पहुंच गई। एसीबी ने केंद्रीय मंत्री से नोटिस का तामील करवाया है। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री को 15 जुलाई को एडीजे फर्स्ट कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखना होगा। इसके बाद कोर्ट तय करेगा कि शेखावत अपना वाइस सैंपल देंगे या नहीं। हॉर्स ट्रेडिंग मामले में एसीबी दो साल बाद शेखावत को नोटिस देने पहुंची। आमतौर पर सिपाही को नोटिस तामील करवाने के लिए भेजा जाता है लेकिन शेखावत को नोटिस तामील करवाने के लिए एएसपी के नेतृत्व में पूरी टीम बनाई गई। उसके बाद कहा गया कि नोटिस शेखावत के हाथ में देना है और उसपर साइन करवाना है। इसके बाद शेखावत से नोटिस पर साइन करवाने के लिए एसीबी टीम दिल्ली में तीन दिन तक रुकी रही। जिसके बाद एएसपी ने नोटिस पर शेखावत से साइन कराया और फिर लौटी।केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि न्यायालय ने मुझे अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया वॉइस सैंपल लेने के लिए कोई आदेश नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरा चरित हैंग करने के लिए सीएम अशोक गहलोत मुख्यमंत्री और



प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा सहित मंत्री बार-बार बयान दिए कि मैं दिल्ली जाकर छुप गया हूं और भागता फिर रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराह किया जा रहा है कि मैं सैंपल नहीं दे रहा हूं लेकिन आज तक भी राज्य सरकार के पास कोर्ट की कोई परमिशन नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के खेमों की बाड़ाबंदी के दौरान 15 जुलाई, 2020 को तीन ऑडियो क्लिप मीडिया को वॉट्सअप की गई थीं। कहा गया कि विधायकों की खरीद-फरोख्त से संबंधित बातचीत की ये आवाजें गजेंद्र सिंह शेखावत, विधायक विश्वेंद्र सिंह और भंवरलाल शर्मा की हैं। ऑडियो सामने आने के बाद तत्कालीन मुख्य सचेतक और वर्तमान में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने 17 जुलाई, 2020 को एसीबी को सौंपा और इनके आधार पर गजेंद्र सिंह शेखावत, भंवरलाल शर्मा, विश्वेन्द्र सिंह और अन्य के खिलाफ एसीबी में मामला दर्ज हुआ। इसी मामले में अब केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत को नोटिस दिया गया है।

## देश में मानसून सक्रिय, कई राज्यों में भारी बारिश: मुंबई में जगह-जगह पानी भरा, हाई टाइड में 6 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं; दिल्ली में यलो अलर्ट

**नई दिल्ली**

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए मंगलवार को यलो और बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और आसपास के इलाकों में भी बारिश लगातार जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार की सुबह 8 से रात 8 बजे के बीच मुंबई के पूर्वी हिस्से में 58.6 मिमी, जबकि पश्चिमी हिस्से में 78.69 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यहां अगले 48 घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। भारी बारिश के कारण मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को जलजमाव से यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बस और लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। दोपहर 4 बजे हाई टाइड का अलर्ट है। BMC और प्रशासन ने लोगों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा है। हाई टाइड के दौरान 4 से 6 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं।



### अगले चार दिन भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी ओडिशा, उससे सटे दक्षिण झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे अगले चार दिनों में मध्य भारत, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।

### मध्य प्रदेश: सभी जिलों में मानसून सक्रिय

मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मानसून सक्रिय हो चुका है। राजधानी भोपाल में सोमवार सुबह से लेकर देर रात तक तेज चमक और गरज के साथ रुक-रुककर तेज बारिश होती रही। रात 12:30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार यानी आज भी भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा में बने सीजन के पहले लो प्रेशर एरिया और मप्र के ऊपर से गुजर रही मानसून ट्रफ लाइन के असर के कारण ऐसी तेज बारिश हुई। सीजन में पहली बार ऐसा हुआ, जब पूरे प्रदेश में एक साथ मानसूनी बारिश हुई। प्रदेश के वेदर एक्सपर्ट वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि जब लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी के नजदीक बनता तो इसका असर हमारे यहां ज्यादा होता है। उस दौरान बारिश भी अधिक होती। सिंह ने बताया कि अभी अगले 3 दिन और ऐसी ही बारिश होने की संभावना है। भोपाल बारिश की खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें मौसम विभाग के मुताबिक, इंदौर में भी तापमान 4 डिग्री कम होकर 28.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 23.5 डिग्री रहा। यहां सोमवार को बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

# जालोर जिला कलेक्टर ने भागली सिंधलान सरकारी स्कूल में ली बच्चों की क्लास

**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** मंगलवार जिला कलेक्टर निशांत जैन ने भागली सिंधलान स्थित सरकारी विधालय का किया औचक निरीक्षण वही निरीक्षण के दौरान कक्षा में बैठे बच्चों से कलेक्टर ने उनके विषय सम्बंधित सवाल किए जिसे बच्चों ने सही उत्तर दिए इस दौरान जिला कलेक्टर ने कक्षा में उपस्थित शिक्षिका से बच्चों की मानसिक स्थिति के बारे में जानकारी ली वहीं कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर उन पर ज्यादा ध्यान दे वही विधालय में सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली इस औचक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



# कलेक्टर निशांत जैन नें भागली सिंधलान में सबसेन्टर का औचक निरक्षण कर शक्ति दिवस का जायजा लिया

**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** एनीमिया मुक्त राजस्थान के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को मनाये जाने वाले शक्ति दिवस पर जिला कलेक्टर निशांत जैन नें भागली सिंधलान में सबसेन्टर का औचक निरीक्षण कर शक्ति दिवस का जायजा लिया ! वही इस दौरान छोटे बच्चो को दवाई भी पिलाई जिला कलेक्टर ने वहां कार्यरत ANM, आशा सहयोगिनी एवम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ से शक्ति दिवस के बारे में जानकारी ली तथा डोर टू डोर सर्वे के बारे में चर्चा की इस दौरान जालोर B C M O डॉ भजन डूडी साथ रहे।



# सोलंकी बने एबीवीपी जिला संयोजक, हनुमान प्रसाद जिला प्रमुख मनोनीत

**गुरूज्योति पत्रिका/सिरोही।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग आजोदर रानीवाडा में 1 से 4 जुलाई को संपन्न हुआ। प्रांत अध्यक्ष डॉ. बलवीर चैधरी ने आगामी वर्ष 2022-23 के लिए नवीन घोषणाएं की, जिसके अंतर्गत सिरोही जिले से जिला संयोजक जयेश कुमार माली एवं जिला प्रमुख हनुमान प्रसाद को नियुक्त किया गया। सोलंकी विद्यार्थी परिषद में 2016 से संपर्क में है। पूर्व में नगर कार्यकारिणी सदस्य, नगर विद्यालय प्रमुख, नगर उपाध्यक्ष, जिला विद्यालय प्रमुख, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, जिला समिति सदस्य जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वहीं जिला प्रमुख हनुमान प्रसाद पूर्व में पिण्डवाडा के नगर अध्यक्ष के दायित्व पर रह चुके हैं। सोलंकी ने बताया कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का उद्देश्य लेकर विद्यार्थी परिषद अपनी स्थापना के समय से अभी तक निरंतर कार्य कर रहा है एवं समय पर परिषद द्वारा छात्रों हितों के मुद्दों को उठाने के साथ ही समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य किया जा रहा है।



# अष्टानिका महा पर्व पर अष्ट पाहुड़ मण्डल विधान का आयोजन 6 जुलाई से

**गुरूज्योति पत्रिका/झालावाड/ब्यूरो चीफ सौरभ जैन।** जिले के पिड़ावा नगर में मुमुक्षु मण्डल जैन युवा फेडरेशन एंव सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में अष्टानिक पर्व में 8 दिवसीय कार्यक्रम 6 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित होगा। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया की आदिनाथ चेत्यालय जिन मन्दिर शेर मौहल्ला में आठ दिवसीय मण्डल विधान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वयोवृद्ध पंड़ित प्रवर रमेशचंद्र बोझल इन्दोर का सानिध्य रहेगा। विधान को सम्पन्न स्थानीय शास्त्री विद्वान करायेगे। इस अवसर पर प्रतिदिन नित्य देनिक पूजन प्रातः 7 से 8, प्रवचन 8.30 से 9.30 तक दोपहर 2 बजे मण्डल विधान की पूजन प्रवचन रात्रि में बच्चों की पाठशाला व स्वाध्याय व प्रवचन होगें।



## चातुर्मास समिति के अध्यक्ष बने सुरेश जैन

नगर में भूतबलि सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास होने जा रहा है। जिसमें श्री सावरियां पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिक्षय क्षेत्र बड़ा मन्दिर में समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पद पर सुरेश जैन गुरू अध्यापक को मनोनित किया गया है।

# बारिश से कलाऊ स्कूल की जीएलआर व भवन क्षतिग्रस्त

**गुरूज्योति पत्रिका/देचू/पूंजराज सिंह बाला।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलाऊ मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की जीएलआर व पुराने भवन धराशायी हो गए। मंगलवार को आई बारिश से विद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त व पानी की जीएलआर का ऊपरी हिस्सा गिर गया। प्रधानाचार्य व पीईईओ सुरेंद्र रतनू नें बताया कि सोमवार रात्रि से लगातार बारिश के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि कोई विद्यार्थी व शिक्षक नजदीक न होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। रतनू नें बताया कि जल्द ही ग्रामीणों व एसडीएमसी प्रस्ताव द्वारा धराशायी पानी की टंकी व जर्जर भवनों को हटाने की प्रक्रिया से विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जिससे भविष्य में ऐसा कोई हादसा न हो।



### जिला पुलिस अधीक्षक ने पिड़ावा थाने में आमजन से किया संवाद

# थाने में स्थित गंदगी से भरपूर शौचालय को देखकर जिला पुलिस अधीक्षक ने जताई कड़ी नाराजगी

## बैठक में सुरक्षा सखियों ने मनचलों की समास्या से करवाया अवगत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**झालावाड/ ब्यूरो चीफ सौरभ जैन।** जिले के पिड़ावा नगर में मंगलवार दोपहर को थाना परिसर पिड़ावा में नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर की अध्यक्षता में आमजन, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखि, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र सहित पिडावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से पुलिस संबंधी समस्याओं के लिए संवाद स्थापित कर समस्या जानी। सर्वप्रथम जिला पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर ने 2 जुलाई को पद संभालने के बाद यह उनका पहला अधिकारिक दौरा था। इस दौरान थाना परिसर में सिपाहियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद बैठक का आयोजन कर उपस्थित सभी से परिचय लिया। परिचय के दौरान पुलिस मित्र को पुलिस वर्दी पहने हुए देखकर जिला पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस मित्र को आगे से वर्दी नहीं पहनने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मित्र को वर्दी की जिम्मेदारियों से अवगत करवाते हुए पुलिस मित्र योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस और पुलिस मित्र का कार्य पुलिस ओर आमजन के बीच सेतु बनकर आमजन की समास्या को पुलिस तक रखना है।



वही सुरक्षा सखियों को उनका कार्य बताते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा सखियों का कार्य महिलाओं की बात को पुलिस तक पहुंचाना है। कई बातें ऐसी होती जो महिलाएं सिर्फ महिला को ही बता पाती है ऐसा में महिला अपनी बात सुरक्षा सखियों को बताए ओर उनकी समस्या को पुलिस तक पहुचाने का कार्य सुरक्षा सखियों का है। वही आमजन में समस्या बताते हुए कहा कि कोटरी पिड़ावा बाईपास सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर लोग शराब पीकर उत्पात मचाते रहते है। जिसके चलते महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एसएचओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने की बात कही।

### मनचलों की खैर नहीं शिकायत मिलते ही होगी कार्रवाई-जिला पुलिस अधीक्षक

पिड़ावा पुलिस थाना परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर व आमजन के बीच हुई बैठक के दौरान सुरक्षा सखियों ने बैठक में ग्रामीण सहित नगर के स्कूल कॉलेज के बाहर बेवजह खड़े लड़कों का लड़कियों का पीछा कर कमेंट करने की समस्या से जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक बताया कि महिलाओं, नाबालिग लड़कियों व छोटी बच्चियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार जैसे, छेड़खानी, सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश या फोटो भेज कर तंग करना, स्कूल, कालेज या ट्यूशन आने-जाने के क्रम में फब्तिया कसना या पीछा करना या फिर प्रतिकूल टिप्पणी करना, अनावश्यक रूप से लड़कों व पुरुषों द्वारा घूरना या पीछा करना आदि से संबंधित गंभीर मामले है। इन मामलों के लिए जिला पुलिस लगातार कार्य कर रही है। ऐसे मामलों की शिकायत आने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वही ऐसे मनचलों पर पुलिस की विशेष नजर रखने के लिए जिला पुलिस को निर्देशित किया जाएगा।



### अगली विजिट से पहले नए शौचालय का निर्माण हो जाना चाहिये- जिला पुलिस अधीक्षक

बैठक के बाद जिला पुलिस अधीक्षक ने पिड़ावा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्वार्टर, मेस, मालखाने का निरीक्षण कर थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मियों से आवश्यक कार्यो की जानकारी ली व पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी जानी। निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक शौचालय के पास पहुंची जहां उन्होंने बहुत अधिक गंदगी व दुर्गंध देखकर कड़ी नाराजगी जताई। वही सोचालय की इस हालत को देखकर पिड़ावा एसएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि मेरी अगली विजिट होने से पहले इन गंदगी से भरे शौचालय को तोड़कर नवीन शौचालय का निर्माण हो जाना चाहिए।

# अनीमिया मुक्त राजस्थान - जिले भर में मनाया गया शक्ति दिवस

### सीएमएचओ डा देवल ने किया पीएचसी मांडोली का निरीक्षण

### शक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लिया जायजा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आंगनवाड़ी, सरकारी विद्यालयों, सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दिन इन केंद्रों पर बच्चों, किशोर - किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं के लिये अनीमिया संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें अनीमिया की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गजेन्द्र सिंह देवल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांडोली का निरीक्षण कर शक्ति दिवस कार्यक्रम का जायजा लिया साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अनीमिया स्क्रीनिंग, जांच एवम उपचार संबंधित जानकारी ली। सीएमएचओ डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि कार्यक्रम के लक्षित लाभार्थियों में 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, किशोर - किशोरियां, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं को शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के अंतर्गत आशा सहयोगिनियों द्वारा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को आंगनवाडी केन्द्र पर मोबिलाईज किया जाएगा। आशाओं द्वारा 6 से 59 माह तक के बच्चों को 1 एमएल आईएफए सिरप पिलाई जाएगी, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली खिलाई जाएगी। 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आईएफए की नीली गोली खिलाई जायेगी। आशा द्वारा 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं की अनीमिया हेतु स्क्रीनिंग शारीरिक लक्षण के आधार पर की जाएगी।

# कर्मचारियों के साथ साथ समाज हित के लिए भी तत्पर चारण

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सिरोही।** जिला मुख्यालय पर स्थित श्री करणी चारण छात्रावास सिरोही के सभागार में जिला सिरोही की प्रांतीय चारण महासभा की जिला कार्यकारिणी के चुनाव के लिए बैठक का आयोजन किया गया था जिसमे प्रांतीय महासभा द्वारा चुनाव पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी नियुक्त किये गए थे, उनकी देख रेख में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए जिसमे जिलाध्यक्ष के पद पर राजेन्द्रसिंह आढा को मनोनीत किया गया साथ ही जिला संयोजक के पद पर जीवत दान चारण पुनावा का मनोयन किया गया चूंकि जीवत दान चारण नर्सेज़ एकीकृत महासंघ सिरोही के जिलाध्यक्ष भी है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलदर में नई सामाजिक जिम्मेदारी मिलने पर हॉस्पिटल के सभी स्टाफ ने साफा व माला पहनाकर कर स्वागत किया चारण समाज सिरोही के जिला संयोजक बनने पर चारण ने कहा कि कर्मचारियों के साथ साथ सामाजिक जिम्मेदारी जो मिली है उसके लिए पूरे सिरोही जिले के चारण समाज को नतमस्तक करता हूँ व जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह आढा ने जो सभी पदाधिकारियों के साथ मुझ पर भी विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने की हर संम्भव कोशिश की जाएगी, मेरा मकसद चाहे सरकारी कर्मचारियों के लिए सेवा का भाव है उसी तरह उसी लगन से समाज के लिए भी तत्पर हूँ सिरोही चारण समाज की जो टीम बनी है ये सभी एक से बढ़कर एक है ये सभी मोती है जो एक माला में पिरोए गए हैं मिलकर समाजहित में अच्छे निर्णय लेंगे, जो आगे चल कर मिल के पथर साबित होंगे साथ ही हॉस्पिटल के सभी स्टाफ का भी अभिनंदन के लिए आभार इसी तरह स्नेह बना रहे इस मौके पर डॉ निहाल सिंह मीणा, डॉ, महेशकुमार जीनगर, डॉ बद्रीप्रसाद यादव, राजेन्द्रकुमार यादव नर्सिंग अधिकारी, चिराग पांचाल, विक्रम कुमार, लोकेश कुमार, हेमलता मीणा, पृथ्वीराज चारण, लक्ष्मण कुमार,नीरज परिहार, सरवन कुमार, सुरेशकुमार सभी उपस्थित थे।

# राजस्थान के प्रसिद्ध कॉमेडियन कलाकार काका कजोड़ बेटियों की मदद करने के लिए आगे आने पर विश्व बिटिया कल्याण सेवा संस्थान संगठन का सोशल मीडिया आईटी सेल प्रभारी नियुक्त गया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जयपुर/पिंटू भारतीय।** राजस्थान के प्रसिद्ध कॉमेडियन कलाकार काका कजोड़ बेटियों की मदद करने के लिए आगे आने पर विश्व बिटिया कल्याण सेवा संस्थान संगठन का सोशल मीडिया आईटी सेल प्रभारी नियुक्त गया तथा पदाधिकारी बनाने पर संगठन प्रदेश अध्यक्ष लालचंद कुमावत ने कहा की काका कजोड़ अच्छी मानवता के इंसान है इसलिए राजस्थान भारत में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म कॉमेडी चैनल मारवाड़ी मस्ती इनसे करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं । यह बेटियों के प्रति अच्छी विचारधारा रखते हैं बेटियों की मदद भी की है इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ज्यादा से ज्यादा संस्थान संगठन अच्छा कार्य का प्रसार प्रचार करके बेटियों की मदद के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे।जिससे ज्यादा से ज्यादा बेटियों की मदद करके जीवन बचाया जा सके ।यह कहने के बाद संगठन प्रदेश अध्यक्ष लालचंद कुमावत, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार ,शाहपुरा तहसील अध्यक्ष दिनेश चौधरी ,चोमू तहसील अध्यक्ष रामकिशोर कुमार ,मुख्य सदस्य नेहा यादव संगठन के सभी पदाधिकारियों ने काका कजोड़ का स्वागत करके मिठाई खिलाकर ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी । बधाई देने पर कॉमेडी चैनल मारवाड़ी मस्ती टीम के काका



(सुरेश यादव),कजोड़ (राकेश यादव), नेहा यादव, छोटू (रोहन यादव), विष्णु चौधरी नंदू मारवाड़ी, राजू कबाड़ी, गणेश मामा ने संस्थान संगठन के पदाधिकारियों धन्यवाद किया । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए कहा कि हमारी टीम अब बेटियों की मदद करके जीवन बचाने के लिए कार्य करेगी इसलिए आप सभी लोग संस्थान के नाम को गूगल पर सर्च करके संस्थान संगठन से जुड़े संस्थान की टीम बेटियों की मदद के लिए फील्ड में एक्टिव रहती है इसलिए लिए बिटिया हेल्पलाइन नंबर 095712 71234 पर संपर्क करें मदद ले और बेटियों का जीवन बचाएं जिससे बेटी जन्मदाता का जीवन बच सके और इस संसार में हम सबको जीवन दे सके।

# हीना के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर काँटीया ग्रामवासि मिले पुलिस अधीक्षक से

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**दातारामगढ़/पिंटू भारतीय बाय।** सीकर 5 जुलाई को काँटीया गांव के सकड़ो ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से मिलकर 4 जून 2022 को रानोली थाना क्षेत्र के खंडेलसर गांव मे हीना की हत्या के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मिले तथा हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही कड़ी सजा दिलाने की मांग की। परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि 4 जून को काँटीया की बेटी हीना वर्मा की खंडेलसर निवासी पति मुकेश ने परिजनों के साथ मिलकर शिशयु स्थित प्लाट पर हत्या कर दी थी जिसकी FIR हीना के पिता मदन लाल ने उसी दिन रानोली थाने मे दर्ज करवाई थी। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है की आज एक महीना गुजर जाने के बाद भी पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की, किसी को गिरफ्तार भी नहीं किया गया है। इसलिए ग्रामीणों में काफी रोष नजर आया द्य ग्रामीणों के साथ आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे द्य पुलिस अधीक्षक सीकर ने सबको को आश्वस्त किया है कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जायेगा तथा हिना के परिजनों को हरसंभव न्याय मिलेगा।



# मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**मोदरान/जगमालसिंह राजपुरोहित।** जसवंतपुरा कस्बे के निकटवर्ती कलापुरा गांव निवासी हरीश कुमार पुरोहित शिक्षक का कुछ दिन पुर्व घर से विद्यालय जाते समय कलापुरा-गोलाणा के बीच मोटरसाइकिल से मोबाइल गिर गया था। इसके बाद शिक्षक ने काफी खोजबीन भी की लेकिन मोबाईल नही मिला। इसके बाद गोलाणा निवासी रणजीत सिंह पुत्र सरदारसिंह देवड़ा (राजपूत) को राह चलते बीच मार्ग में मोबाइल पड़ा मिला। इसके बाद रणजीतसिंह ने मोबाइल मालिक का पता किया तो शिक्षक हरीश पुरोहित का होना पाया गया। जिस पर सरपंच गोविंद लोहार, रामसिंह देवड़ा गोलाणा, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, दिनेश कुमार पुरोहित कलापुरा, दिनेश कुमार आर. पुरोहित, गौभक्त शंकरलाल प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति की उपस्थिति में हाथों-हाथ मोबाइल मालिक को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। उपस्थित सभी लोगों ने रणजीतसिंह की ईमानदारी पर धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक हरीश पुरोहित ने बताया कि देश ईमानदारी आज भी जिंदा हैं जो आज ऱणजीत सिंह ने मुझे मोबाइल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया।

## डोरवाल बने जिला संयोजक

**गुरूज्योति पत्रिका/सीकर/अनिल कुमार इंदलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत का 4 दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग भिवाडी अलवर में संपन्न हुआ। जिसमे प्रान्त के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने भाग लिया और संगठन की रीति नीति व आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। अभ्यास वर्ग में समापन सत्र पश्चात दायित्व घोषणा में राहुल डोरवाल को विद्यार्थी परिषद सीकर का जिला संयोजक बनाया गया। संघ पृष्ठभूमि के डोरवाल 4 वर्षो से बतौर कार्यकर्ता विद्यार्थी परिषद में काम कर रहे हैं। राहुल के जिला संयोजक बनने पर कला महाविद्यालय के छात्रों ने मिठाई बाट कर शुभकामनाएं दी व संगठन का आभार जताया।

## कलक्टर ने रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय व पुलिस थाना का किया निरीक्षण



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने मंगलवार को रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं पुलिस थाना रानीवाड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। निरीक्षण के दौरान पुलिस थाना रानीवाड़ा में जिला कलक्टर को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला कलक्टर ने पुलिस थाना में स्वागत कक्ष, मैस, कार्यालय रिकॉर्ड सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस थाना निरीक्षण के उपरान्त जिला कलक्टर ने उपखण्ड कार्यालय रानीवाड़ा में विभिन्न अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहत्तर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, उप अधीक्षक शंकरलाल, सीआई सवाईसिंह सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारी ने मौका निरीक्षण कर जुंजाणी रोड़ पर पानी निकासी व सड़क स्तर ऊपर उठाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश



**गुरूज्योति पत्रिका/भीनमाल।** भीनमाल उपखण्ड अधिकारी जवाहरराम चैधरी ने मौका मुआयना कर भीनमाल शहर स्थित जुंजाणी रोड़ पर पानी निकासी एवं कंकरीट व रेती डालकर सड़क के स्तर को ऊपर उठाने के लिए नगरपालिका एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भीनमाल उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि उक्त सड़क के नवीन निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा टेण्डर जारी किया जा चुका है एवं समस्या के तत्कालिक समाधान के लिए अधिकारियों को मौका देखकर निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान नगरपालिका भीनमाल के अधिशाषी अधिकारी आशुतोष आचार्य सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## शिल्प कला एवं माटी बोर्ड उपाध्यक्ष का आहोर में किया भव्य स्वागत

**गुरुज्योति पत्रिका/आहोर/विक्रमसिंह पचानवा।** शिल्प कला एवं माटी बोर्ड उपाध्यक्ष डूंगर राम गेदर मंगलवार को युवा प्रजापति विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह पांच पट्टी गोदन में आयोजित समाज के प्रतिभाओं को मनोबल बढ़ाने हेतु समारोह शामिल होने बाबत आहोर जोधपुर चौराया पर मांगीलाल प्रजापत जिला परिषद



सदस्य के नेतृत्व में आहोर उप प्रधान अमृत लाल प्रजापत ने साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस दौरान सूजाराम प्रजापत सरपंच,कानाराम सिंघल जिलाध्यक्ष उपभोक्ता कांग्रेस जालोर,सुरेश प्रजापत प्रत्याशी सदस्य पंचायत समिति,हेमाराम प्रजापत,खंगार राम प्रजापत, वागाराम प्रजापत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्व.सोमाराम के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर एंव एम्बुलेंस का लोकार्पण किया



**गुरूज्योति पत्रिका/पुणे।** दिनांक 5जुलाई मंगलवार सुबह स्व.सोमाराम राजाजी राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में त्रिदल सभागृह झाला सोसायटी करिश्मा चौक कोथरूड के परिसर में स्व.सोमाराम के तस्वीर पर पुष्पहार अर्पित कर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया ।इस अवसर पर वातानुकूलित कार्डियक एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया । शिविर में कुल 115 युनिट रक्त एकत्रित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर मुरली अन्ना मौहल के कर कमलों द्वारा एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया ।इस कार्यक्रम में सचिन नीवग धुणे, शिवलाल राठौड़, असलाराम, संगीता चौधरी, विमला चौधरी सहित मात्र शक्ति एवं स्व.सोमाराम की धर्म पत्नी कन्या राठौड़, वकताराम राठौड़, जेके राठौड़, रमेश राठौड़, हेमन्त चौधरी, रमेश राठौड़, दिनेश राठौड़, मुख्य अतिथि ओमप्रकाश रांका, सुनिल गेहलोत, रविन्द्र सारूख सहित बड़ी संख्या में समाज बन्दु उपस्थित थे।

# डेयरी एवं पशुपालन विकास को बढ़ावा देने हेतु शयोर एवं केयर्न वेदांता फाउंडेशन का अनूठा प्रयास

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**थोबाऊ/जालौर/दोलचन्द सोनी।** सोसायटी टू अपलिफ्ट रूरल इकोनॉमी बाड़मेर द्वारा केयर्न वेदांता फाउंडेशन के सौजन्य से संचालित डेयरी विकास एवं पशुपालन परियोजना से प्रेरित होकर पशुपालकों ने पशुधन को आर्थिक प्रगति का मूल आधार बनाया है कार्यक्रम प्रबंधक हनुमान राम चौधरी ने बताया कि समय-समय पर परियोजना के तहत आयोजित बैठक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं शैक्षणिक भ्रमण के आधार पर पशुपालकों को संतुलित पशु आहार निर्माण एवं प्रदर्शन हरा चारा का विकास नेपियर घास अजोला घास चारा बीट चुकंदर रिजका रिजका बाजरी जोई इत्यादि के उन्नत बीज निशुल्क वितरण कार्यक्रम जल एवं भूमि की जांच उन्नत कृषि बीज उन्नत पौध शोभा खेजड़ी फलदार एवं फूलदार पौधों को समिति सदस्यों को नि शुल्क वितरण गोमूत्र यूनिट उन्नत पशुशाला परियोजना क्षेत्र के गांवों में निशुल्क मोबाइल वेटरनरी वेन कृत्रिम गर्भाधान पशु टीकाकरण





एवं डिवर्मिंग नकारा सांडों का बंध्याकरण
पैरावेट प्रशिक्षण महिला स्वयं सहायता समूह का गठन बैंक लिंकेजेज प्रशिक्षण एवं उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के साथ किचन गार्डन डेवलपमेंट बागवानी विकास जैविक खेती दूध बिक्री के साथ दूध के अन्य उत्पाद फीका मावा पनीर बिलोना का घी निर्माण पैकिंग एवं मार्केटिंग कोविड-19 रोकथाम बचाव एवं कोविड-19 नियमों की पालना दो गज की दूरी मास्क है जरूरी आदि के प्रति सशक्त एवं जागरूक करने का सतत प्रयास किया जा रहा हैं वहीं नवजात पशु राशन के प्रकार सुखा चारा भंडारण हरा चारा प्रबंधन डेयरी एवं पशु प्रबंधन इत्यादि के प्रति कौशल विकसित किया जाता है डेयरी व्यवसाय से जहां पूरा समुदाय लाभ ले रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्र केपशुपालकों एवं किसानों की रोजी रोटी डेयरी से जुड़ी हुई है डेयरी व पशुपालन खेती के अभिन्न अंग है तथा एक दूसरे के पूरक भी है पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर व जालौर क्षेत्र में उष्ण शुष्कता व अनिश्चित वर्षा के कारण खेती प्रभावित होती है पर डेयरी व पशुपालन ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य आय का स्रोत है परियोजना की वजह से हरा चारागाह विकसित हुए हैं पशुपालकों को पशुओं का उचित रखरखाव करने पशुओं को सूखा चारा हरा चारा संतुलित पशु आहार आदि खिलाने का ज्ञान मिलने से पशुओं की मृत्यु दर कम हुई है वही दुग्ध उत्पादन की लागत कम हुई है और दुग्ध बिक्री का बाजार सुलभ हुआ है दुग्ध उत्पादकों को दूध की उचित दर मिलने के साथ ही सहकारी डेयरियो द्वारा बोनस दिया जाने लगा है कुछ लोग पहले कभी भी दुधारू पशु नहीं रखते थे वह भी डेयरी एवं पशुपालन परियोजना से प्रेरित होकर दुधारू पशुओं का पालन कर सहकारी डेयरी से जुड़ाव बना लिया है इसमें जीण घर नहीं है %धीणो ÷ उण घर नहीं है ÷जीणो ÷वाली कहावत चरितार्थ हुई है चौधरी ने बताया कि डेयरी विकास एवं पशुपालन परियोजना बाड़मेर एवं जालौर जिले के ब्लॉकों की 29 ग्राम पंचायतों के 61 राजस्व गांवों मैं कंप्यूटराइज्ड तकनीक से दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां के माध्यम से उच्च गुणवत्ता युक्त प्रतिदिन 22500 लीटर दूध का संकलन कर सरस एवं बनास डेयरियों को विक्रय कर 6680 दुग्ध उत्पादकों का आर्थिक उन्नयन के साथ उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है उक्त परियोजना कोविड-19 महामारी एवं निरंतर पड़ रहे अकालो से मुकाबला करने के साथ पशुपालकों के ज्ञान वर्दी एवं आर्थिक समृद्धि के लिए वरदान साबित हो रही है चौधरी ने बताया कि परियोजना क्षेत्र के गांवों में परियोजना सदस्यों को अभी तक कोविड-19 बचाव एवं सुरक्षा हेतु उच्च क्वालिटी के 28500 एन 95 मास्क निशुल्क वितरित करने के साथ आहत को राहत पहुंचाने का कार्य भी किया गया हैं

## 29वें जन्म दिवस के अवसर पर पौधा लगाकर उनकों बड़ा होने तक संरक्षण करने का प्रण लियाः बी.एल.बरवड़

### धरती के श्रृंगार पेड़ हैं, इनका संरक्षण करना जरुरी हैं

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बाड़मेर।** गिड़ा क्षेत्र के गुरूज्योति पत्रिका ब्लॉक रिपोटर भंवरलाल बरवड़ ने अपने जन्मदिन के सुअवसर पर एक फलदार पौधा लगाकर प्रण लिया कि मैं इनको बड़ा करने की जिम्मेदारी निभाऊंगा,सेवा करूंगा। पौधें सब लोग लगाते हैं लेकिन इनको बड़ा करना भी हमारी जिम्मेदारी बनती हैं ।पौधा भी एक बालक के समान होता हैं जैसी बालक की सेवा करनी जरुरी हैं उसी के अनुरूप पौधों की देखभाल जरूरी हैं,सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति कई कार्यक्रम चलाती हैं लेकिन धरातल पर केवल औपचारिकता बनकर रहती हैं हमें सभी को मिलकर के एक प्रण लेना चाहिए कि पर्यावरण संरक्षण करें। हमारा रेगिस्तानी क्षेत्र कभी वर्षा की कमी महसूस होने नहीं देगा।



पर्यावरण के प्रति हमें सजग रहना जरूरी है पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इनको बसाना हमारा महत्त्वपूर्ण दायित्व हैं इनके बिना जीवन पर संकट हैं यह हमें ऑक्सीजन प्रदान करता है पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना तक नहीं कर सकते हैं एक समय होता था जब शिक्षा की दृष्टि से बाड़मेर सबसे पिछड़ा माना जाने वाला होता था यहां पर को सरकारी कर्मचारी सेवा देने में कतराते थे उसी प्रकार पेड़ों की हालात हैं वर्तमान में अगर उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले समय में विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। हम सब मिलकर एक संकल्प लेते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम मिलकर बचाने के प्रति सजग रहेंगे।

## पर्यावरण को बचाने के लिए युवा पीढ़ी को पेड़ पौधों को लगाकर करनी होगी देखभाल- देशवाल

### भाजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने किया जगह-जगह पौधारोपण, विभिन्न प्रकार के हुए कार्यक्रम

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**नागौर।** शहर में नागौर रोड रेलवे फाटक के पास एवं वेदांती कॉलेज के आसपास सोमवार को विभिन्न स्थानों पर हरियालो राजस्थान पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं किसान नेता एडवोकेट माधोराम चौधरी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं व युवाओं सहित लोगों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा किसान नेता शिव देशवाल के नेतृत्व में आईटी सेल प्रभारी महेश दिवाकर, अमित चौधरी, रामदेव राव सहित बड़ी संख्या में युवाओं भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने जगह-जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर भाजपा किसान नेता शिव देशवाल ने कहा कि पेड़- पौधों के माध्यम से ही पर्यावरण को



बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर उन्होंने भाजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट माधोराम चौधरी के जन्मदिवस पर कहा कि सादगीपूर्ण कार्यकर्ताओं और युवाओं ने जन्मदिवस मनाकर जगह-जगह विभिन्न प्रकार के छायादार और कई प्रकार के पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न गौशालाओं में गौसेवा व मरीजों की सेवा सहित विभिन्न कार्यो को बढ़ावा दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने चौधरी को जन्मदिन पर बधाइयां भी प्रेषित की।

## खाचरियावास रोटरी सामुदायिक दल कुली के तत्वावधान में श्मशान घाट कुली में पौधारोपण किया



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**पचार/राजेश्वर दयाल भाट।** खाचरियावास रोटरी सामुदायिक दल कुली के तत्वावधान में श्मशान घाट कुली में पौधारोपण किया व सार संभाल की जिम्मेदारी ली। रोटरी दल के सदस्यों ने 21 पौधे लगाकर उनके सुरक्षा जाली भी लगाई। इस अवसर पर रोटरी सामुदायिक दल कुली के पूर्व अध्यक्ष सूरजमल गंगवाल, गणेश नारायण कामड़, मोती लाल रेगर, शिवजी राम जाटोलिया अन्नाराम भंवरलाल जांगिड़ मदन सिंह शेखावत संदीप शर्मा गौतम कुमावत देव शर्मा वर्मा वर्मा सुरेश वर्मा मदन लाल वर्मा सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पक्षी को दो दिन पहले कुत्ते काटा,दो दिन तक घर पर प्राथमिक उपचार के बाद वनविभाग टीम को सौपाः- भूराराम गोयल

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**गिड़ा/भंवरलाल बरवड़।** गिड़ा तहसील मुख्यालय से करीब 15किलो मीटर दूर स्थित चीबी ग्रामपंचायत के मलवा गोयलान क्षेत्र की घटना मोर पर कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया ।जिसमें मोर की गर्दन व शरीर के अन्य अंगो पर काफी चोटें । काफी मुश्किल के बाद मोर ने कुत्ते से छुटकारा पाकर मोर ने जान बचाने के लिए मोर को घर पर दो दिन तक उपचार किया उनके बाद आज वन विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर उनको सौपा। इस मौके पर तत्काल प्रभाव से सुरेश शर्मा वनविभाग के कर्मचारी ने पहुँच कर राष्ट्रीय पक्षी मोर को इलाज के लिए आगे भेजा,इन्होंने बताया कि जीवों दया भाव जरूरी हैं इनकों बचाना हमारा दायित्व हैं।



# शहीदों के साथ ही बाजौर पूरे प्रदेश में अपने खर्चे से लगवाएंगे स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां

### झुंझुनूं के बाकरा में स्वतंत्रता सेनानी श्योलाल खीचड़ की मूर्ति से हुई शुरुआत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**झुंझुनूं/राजन चौधरी।** प्रदेश की सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने दुनिया में संभवत पहले व्यक्ति हैं जो अपने खर्चे से पूरे राजस्थान में शहीदों की प्रतिमाएं लगवाने के साथ ही अब स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां अपने खर्चे से लगवा रहे हैं। ऐसी पहली प्रतिमा हाल ही झुंझुनूं जिले के बाकरा गांव में स्वतंत्रता सेनानी श्योलाल खीचड़ की लगवा कर इसकी शुरुआत कर दी है। बाजौर ने राजस्थान के करीब 1300 शहीदों की मूर्तियां लगवाने का बीड़ा उठा रखा है। इसके तहत वे अब तक 522 मूर्तियां लगवा चुके हैं जिनका निर्माण झुंझुनूं के एक ही मूर्तिकार खुडानिया निवासी वीरेंद्र सिंह शेखावत कर रहे हैं। इनमें से झुंझुनूं जिले में 175 मूर्तियां लगाई जा चुकी हैं तथा साढ़े तीन से ज्यादा मूर्तियां बन कर तैयार हैं। एक प्रतिमा के निर्माण पर एक से डेढ़ लाख रुपए का खर्च आ रहा है। इसके साथ ही बाजौर अनेक स्थानों पर तो इन मूर्तियों के अनावरण स्थल पर होने वाला खर्चा भी दे रहे हैं। बाजौर ने मंगलवार को झुंझुनूं प्रवास के दौरान बताया कि प्रदेश में शहीद सम्मान यात्रा के दौरान शहीद परिवारों से रूबरू मुलाकात में उन्हें मिले फीडबैक के आधार पर शहीदों की मूर्तियां लगवाने का बीड़ा उठाया था, उस पर कुल 35 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी। बाजौर यह राशि अपनी मेहनत की कमाई से खर्च कर रहे हैं। वे इसके साथ ही इन मूर्तियों का अनावरण खुद करने जाते हैं। खुडानिया गांव में मूर्तिकार वीरेंद्र सिंह शेखावत के घर पर तो शहीदों की जैसे बटालियन ही खड़ी हो गई है। शेखावत का पूरा परिवार इन मूर्तियों के निर्माण में जुटा है।

### अब तक बना चुके नौ सौ से ज्यादा शहीदों की मूर्तियां

मूर्तिकार शेखावत ने बताया कि वे अब तक नौ सौ से ज्यादा शहीदों की मूर्तियां तैयार कर चुके हैं। अब बाजौर ने उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां तैयार करने का आर्डर दिया है। इस बारे में बाजौर ने बताया कि उन्हें जहां से भी स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों की ओर से मूर्ति बनाने का अनुरोध तथा उनकी फोटो मिलेगी तो वे उनकी मूर्तियां बनवा कर उनके गांव में लगवाएंगे।

### इस तरह आया विचार

बाजौर ने 2017 में झुंझुनूं जिले के धनूरी गांव से शहीद सम्मान यात्रा शुरू की थी। धनूरी से सर्वाधिक करीब दस शहीद हैं। इस दौरान बाजौर ने पाया कि करगिल युद्ध के बाद के अधिकांश शहीदों की मूर्तियां लग चुकी हैं, लेकिन 1999 से पहले के करीब 1300 शहीदों की मूर्तियां नहीं हैं, ऐसा इसलिए भी है क्योंकि पहले तो शहीदों की केवल ड्रेस आती थी। बाजौर ने तय किया कि वे ऐसे सभी शहीदों की प्रतिमाएं अपने खर्चे से बनवाएंगे। इसके बाद बाजौर ने खुडानिया निवासी वीरेंद्र सिंह शेखावत को शहीदों की प्रतिमाएं बनाने का काम सौंपा। बाजौर ने बताया, शहीद सम्मान यात्रा के दौरान शहीदों के घरों तक पहुंचा तो कई जगह शहीदों की बूढ़ी मांओं ने कहा, म्हारै बेटे री मूरती तो लगवा दो बाजौर साब! बस उसी दिन फैसला कर लिया, हर शहीद की प्रतिमा लगवाऊंगा। बाजौर ने 14 माह में 29 जिलों में शहीद सम्मान यात्रा के दौरान करीब एक लाख किलोमीटर का सफर कर शहीदों के परिजनों से रूबरू होकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर उनका सम्मान भी किया था।

### फैक्ट फाइल

1700 से ज्यादा शहीद हैं प्रदेश के।
480 शहीद हैं झुंझुनूं जिले के।
1300 शहीदों की प्रतिमाएं लगनी हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने उदयपुर में स्वर्गीय कन्हैयालाल के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, परिवारजनों को ढांढस बंधाया

गुरूज्योति पत्रिका

**उदयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने उदयपुर में स्वर्गीय कन्हैयालाल के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। डॉ. पूनियां ने उदयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि,राज्य सरकार कन्हैयालाल को सुरक्षा उपलब्ध कराती तो यह हालात नहीं बनते, यह हत्याकांड राज्य सरकार, पुलिस-प्रशासन, इंटेलिजेंस और गृह विभाग की लापरवाही है, हत्यारों को फांसी हो, जिससे यह संदेश देश और दुनिया में जाएगा। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान परिवार कन्हैयालाल के परिवार के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। राज्य सरकार कन्हैयालाल के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करे। कन्हैयालाल शहीद हो गए, लेकिन एनआइए की जांच से बहुत सारी चीजें उजागर होंगी, हो सकता




है कोई बहुत बड़ी वारदात संभव थी, जिस तरीके से पिछले कई वर्षों में इस शांत प्रदेश और शहर में एक पूरा रेडिकल ग्रुप काम कर रहा था। 2014 में भाजपा की एनडीए की सरकार श्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में बनने के बाद देश में कोई बडी आतंकवादी घटना नहीं हुई। 20 प्रतिशत घटनाएं कम हुई हैं, 2 घटनाएं 2016 में आतंकवादी हमले की हुई थी और उसका सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए माकूल जवाब भी दिया गया था और उसके बाद से इस तरीके की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उदयपुर की इस घटना से जो चीजें सतह पर थी वो ऊपर आई हैं, एक बात राजस्थान के संदर्भ में समझ में आती है कि राजस्थान की गुप्तचर एजेंसियों की कमजोरी, राजस्थान सरकार की कमजोर और लचर कानून व्यवस्था, जिसके कारण अलगावादियों को लगा होगा कि इस शांतिप्रिय प्रदेश में इन गतिविधियों को आराम से कारित किया जा सकता है। उदयपुर जैसे शहर को टारगेट करने का मकसद भी यही होगा कि एकदम सूदूर दक्षिण के इस शांत शहर में इस तरीके की घटनाएं कभी नहीं हुई। राजस्थान सरकार की कानून व्यवस्था व गृह विभाग की जो स्थिति है, पुलिस प्रशासन कि जो लापरवाही है और खासतौर पर जो इंटेलिजेंस की कमजोरी है, वो साफतौर पर समझ में आती है। इस घटना से सबक लेने की आवश्यकता तो है ही, नेशनल इंवेस्टिगेटिंग एजेंसी ने जब इसको हाथ में लिया है, इतनी तत्परता के साथ कोई न कोई तो कारण रहा होगा। कन्हैयालाल का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, लेकिन अभी लगातार धमकियों का सिलसिला भी है, भय भी है, इसलिए कन्हैयालाल के परिवार को माकूल सुरक्षा मिले, इस बात की कोशिश राजस्थान सरकार को करनी चाहिए। दूसरा जितनी जल्दी से जल्दी इसमें लीगल प्रोसेस को तेज किया जा सके और एक नजीर बन जाये कि इस तरीके से कोई घटना कारित करता है तो उसका अंजाम क्या होता है।फास्ट-ट्रैक के जरिए जितना लीगल प्रोसेस हो सकता हो कोशिश यह हो कि हत्यारों को फांसी हो, ताकि इसका संदेश पूरे देश और दुनिया में जाए, यह कोशिश होनी चाहिए, कन्हैयालाल के साथ भाजपा का पूरा परिवार मजबूती से खड़ा है। हर तरीके से संबल और संरक्षण देने के लिए तैयार हैं।

# भागवत कथा का कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

**गुरूज्योति पत्रिका/भीनमाल।** शहर के सुप्रसिद्ध वाराहश्याम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा-ज्ञान यज्ञ का आयोजन 9 से 15 जुलाई तक किया जाएगा। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कृष्णा हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का वाचन ब्रिज कोकिला आचार्य निर्मला के मुखारविंद से होगा । कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया जायेगा । कलश यात्रा वाराहश्याम मंदिर से लक्ष्मी मंदिर, खारी रोड, माघ चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। जिसके बाद 16 जुलाई को सभी श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शहर वासियों में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं कार्यक्रम को लेकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही है।

# जालोर तेज हवा के साथ आई बारिश से गिरे पेड़, शहर में बिजली गुल



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** मंगलवार रात तेज हवा के साथ आई बारिश में गिरे पेड़ वही शहर की बिजली हुई गुल मंगलवार रात लगभग 9 बजे तेज हवा व बरसात से शहर स्थित गौरवपथ रोड़ पर रामदेव जी मंदिर के पास खड़ा नीम का पेड़ गिर गया जिससे रास्ते पर चलने वालों को परेशानी उठानी पड़ी ।

# केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं उपभोक्ता भंडारों में 800 पदों पर भर्ती होगी

### अधिकारी एवं कर्मचारी कर्तव्यों का पालन कर जनहित में कार्य करें


गुरूज्योति पत्रिका



**जयपुर।** सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारी बैंकों एवं उपभोक्ता भंडारों में रिक्त 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए सहकार भर्ती बोर्ड के माध्यम से आवेदन आंमत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों में पूर्व में भी 700 विभिन्न पदों पर भर्ती कर नियुक्तियां दी जा चुकी है। श्री आंजना मंगलवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा के ऑडिटोरियम में राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं एसोसिएशन ऑफ राजस्थान कॉपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत कर्मचारियों के हितों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है, वे प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निर्णय ले रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना लागू कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के कार्यों को गति दे। अपने कार्य को निष्ठा से करें। अपने कर्तव्यों का पालन कर जनहित को ध्यान में रखकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऋण माफी में बॉयोमैट्रिक सत्यापन कर लागू कर पारदर्शिता के साथ वास्तविक किसानों को लाभ दिलाया है। समर्थन मूल्य खरीद में भी बॉयोमैट्रिक सत्यापन लागू होने से किसानों की उपज खरीद में आसानी हो रही है एवं किसानों को त्वरित भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थापकों की समस्या का भी समाधान किया जा रहा है। ग्राम सेवा सहकारी समितियों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहकारिता में लोकतंत्र की भावना के लिए समय पर चुनाव होना जरूरी है। राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दिनेश शर्मा ने कहा कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रहे है और आगे भी पूरी ऊर्जा के साथ सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्र को लाभ दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर सहकारिता की पहुंच बढाए। उन्होंने सहकारिता के कैडर में वेतन विसंगति एवं कैडर स्टेऊन्थन पर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। इससे पहले सहकारिता मंत्री ने राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं एसोसिएशन ऑफ राजस्थान कॉपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दिनेश शर्मा एवं सबोर्डिनेट सर्विसेज के अध्यक्ष श्री महेन्द्र रिणवा को निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र भी दिया। अंत में सबोर्डिनेट सर्विसेज के अध्यक्ष श्री महेन्द्र रिणवा ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मिड डे मिल में मिली छिपकली गिरने की सूचना से हड़कंप, स्कूल का स्टाफ एपीओ

गुरूज्योति पत्रिका



**भीलवाड़ा।** जिले के सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र में मंगलवार को सरकारी स्कूल में मिड-डे मिल में छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए स्कूल के सभी 8 कर्मचारियों को एपीओ कर दिया है। कुक की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मामले की सूचना बच्चों के घरवालों तक बात पहुंचने पर बच्चों को हास्पिटल ले जाया गया। जांच में सभी बच्चों की तबीयत सही पाई गई। गुंदली ग्राम पंचायत के बांसड़ा गांव में राउप्रावि स्थित है। स्कूल में मंगलवार को बच्चों के लिए मिड- डे मिल बनवाया गया था। लंच टाइम में बच्चों को खाना खिलाया गया। छुट्टी के बाद बच्चे घर चले गए। घर जाकर घरवालों को बताया कि स्कूल में दाल-चावल बनाए गए थे। उस दाल के बर्तन में छिपकली थी। इससे गांव में हड़कंप मच गया तथा सभी बच्चों को हॉस्पिटल ले जाया गया। एक दर्जन से अधिक बच्चो को बच्चों को बागोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए।जांच में सभी बच्चों की तबीयत सही पाई गई। इस मामले में गुंदली पीओ महिंद्रा राठौड़ ने बताया कि बच्चों को अस्पताल बच्चों के जाने की जानकारी मिली है। खाने में छिपकली गिरने की शिकायत बताई जा रही। लेकिन, स्टाफ सदस्यों ने भी बच्चों के साथ ही खाना खाना। और अभी किसी भी बच्चें की तबियत नहीं बिगड़ी। इसके बारे में पता भी लगाया जा रहा है। प्रांरभिक जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी है। आज कुल 98 बच्चे स्कूल आये थे। बताया गया है कि अंतिम समय में छिपकली दाल में गिर गयी थी जिसे निकाल फैंक दिया गया था। इस बीच जिला मुख्यालय पर सूचना पहुंचने पर भीलवाड़ा एसडब्एम ओम प्रभा मौके पर पहुंची। उन्होंने स्कूल का निरीक्षण करने के साथ ही हॉस्पिटल पहुंच कर बच्चों से बात की। चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया। बाद में जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यवाही करते हुए तुरंत प्रभाव से स्कूल के कूक को हटा दिया हैं तथा स्कूल के सभी 8 कार्मिकों को एपीओ कर दिया है। इसमें एक सीनियर टीचर, चार टीचर व दो प्रबोधक सहित 8 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा कर उनको एपीओ किया है।

# राजफैड की क्रेडिट लिमिट 2 हजार करोड़ रूपये बढ़ेगी

**गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं प्रशासक राजफैड श्रीमती श्रेया गुहा की उपस्थिति में मंगलवार को यहां राजफैड सभागार में राजफैड एवं पंजाब नेशनल बैंक के मध्य एमओयू संपन्न हुआ। एमओयू पर राजफैड की ओर से वित्तीय सलाहकार श्री उषस्पति त्रिपाठी एवं पीएनबी की ओर से मुख्य प्रबंधक श्री निखिल ने हस्ताक्षर किए। राजफैड की प्रबंध निदेशक श्रीमती उर्मिला राजोरिया ने बताया कि राजफैड ने अपने व्यवसाय में विविधता लाने, समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीद का त्वरित भुगतान करने सहित अन्य गतिविधियों के लिए पीएनबी के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के माध्यम से पीएनबी राजफैड को 2 हजार करोड़ रूपये की क्रेडिट लिमिट उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजफैड श्री विद्याधर गोदारा, श्री अमित शर्मा, पीएनबी के जोनल मैनेजर श्री आरके वाजपेयी, उप जोनल मैनेजर श्री एन.आर. बंजारा सहित राजफैड एवं पीएनबी के अधिकारी उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन में निरंतर आगे बढ़ रहा है राजस्थान हर घर जल कनेक्शन की संख्या 27 लाख तक पहुंची

**गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।** जल जीवन मिशन में राजस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल कनेक्शन का आंकड़ा मंगलवार को 27 लाख तक पहुंच गया। मिशन में अब तक प्रदेश के 25.92 फीसदी ग्रामीण घरों को नल के माध्यम से जल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश दिसम्बर, 2019 में जारी किये गए थे।

# सांसद दीया ने की मृतक कन्हैया लाल के परिजनों से मुलाकात



### कहा - हत्या की घटना से पूरा राष्ट्र स्तब्ध

गुरूज्योति पत्रिका

**जयपुर/उदयपुर।** राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने उदयपुर हत्याकांड में मृतक टेलर कन्हैयालाल तेली के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की। परिजनों से मुलाकात करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरा परिवार आपके साथ है। आप अपने आपको अकेला न समझे। मीडिया से बात करते हुए सांसद ने कहा कि राज्य सरकार हर तरह से विफल साबित हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से छिन्न भिन्न हो चुकी है। राज्य में अराजकता का बोलबाला है। इस घटना से पूरा राष्ट्र स्तब्ध है। हत्यारों को फाँसी से कम सजा न हो। सांसद दीया ने बाद में घटना में घायल ईश्वर गौड़ से मिलकर कर कुशलक्षेम पूछी व घटना की जानकारी ली। इस दौरान कूम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ भी साथ थे।

# जोन-07 में अवैध व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनाई गई चार मंजिला भवन को किया सील

### आम रास्ते को कराया अतिक्रमण मुक्त

गुरूज्योति पत्रिका

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के जीरो सैटबैक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर वॉयलेशन कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेंन्ट . 4 मंजिला गंभीर प्रकृति के वृहद अवैध बिल्डिग के निर्माण को पुख्ता सील किया गया। जोन-13 जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्री रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चित्रकुट योजना के भूखण्ड संख्या-ई-1/131 में जीरो सेटबेक पर बिल्डिग बायलॉज का गंभीर उल्ल्घंन कर जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के बेसमेंन्ट . 4 मंजिला गंभीर प्रकृति का वृहद अवैध व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बिल्डिग का अवैध निर्माण किये जाने का अवधान में आते ही दिनांक 30.12.2021 को धारा 32,33 जेडीए एक्ट का नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को रूकवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया। लेकिन अवैध निर्माणकर्ता द्वारा आगे अवैध निर्माण जारी रखने पर अवैध निर्माण में प्रयुक्त औजार-उपकरणों की दिनांक 31.12.2021, 03.01. 2022 व 01.07.2022 को जप्तियॉ की जाने पर भी अवैध निर्माण कार्य जारी रखने पर वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिग में अवैध रहवास-व्यावसायिक गतिविधिया संचालित होने की प्रबल सम्बालवनाओं को दृष्टिगत रखते हुये सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर दिनांक 04.07.2022 को धारा 34(क) जेडीए एक्ट का नोटिस जारी कर आज दिनांक 05.07.2022 को उक्त अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारों, सिढीयों इत्यादि को इंजीनियरिग शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गयी। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम-मानसर खेडी, तहसील बस्सी में नेशनल हाईवें आगरा रोड़ से बाडा की ढाणी को जाने वाला जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्ते खसरा नंम्बर 52 पर कास्तकारो द्वारा पिछले 50 वर्षो से कब्जा-अतिक्रमण कर रास्ते के दोनो तरफ 3-3 मीटर चौडाई व 1 किलोमीटर लम्बाई में तारबंदी, बाउण्ड्रीवाल, छडियॉ, मिट्टी की डोल इत्यादि बनाकर आम रास्ते को अवरूद्व कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो व आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी शिकायत प्राप्ति पर किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को उपायुक्त जोन-13 से चिन्हित करवाकर जेडीए एक्ट की धारा 72 के नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर आम रास्ते को पूर्ण अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर सुचारू रूप से चालू करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

इस वर्षा का भी क्या आना
उमस बढ़ा कर चली गई
तपते तन पर पड़ती छींटे
देख धरा फिर छली गई!!

रेत उड़ाते बांध नदी तट
वो भी कुछ प्यासे-प्यासे
सूखी नदिया सूखी लहरें
कोविड से पलटे पासे
प्यास मिलन की अपने पन
की आज मृत्यु तक टली
गई!!

तोड़ आस विश्वास यहीं से
विरह सहे फिर प्रेमी मन
अर्ध मिलन की अर्ध रात
सीपीर सहे वे चन्दन वन
मनभर की जब बात नहीं
तो और यातना पली गई !!

माटी भी महकी सी कहती
छेड़ धुनें फिर गीत वही
पवन महकती लहर रही
सी चितवन की कह रीत
वही हर्ष विषाद मध्य कुछ
बहकी कहे कमी सी
खली गई !!



विचारक कवि
साहित्यकार पत्रकार
श्री विलक्षण उपाध्याय
भारमल गर्ग
उपखंड सांचौर, जालोर
(राजस्थान)

# मुख्यमंत्री की कार्मिकों को सौगात पशुपालन विभाग के 475 कार्मिकों को मिलेंगे पदोन्नति के अवसर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने पशुपालन विभाग में तकनीकी कर्मचारियों के पदों के क्रमोन्नयन एवं राज्य पशुपालन सेवा के अधिकारियों के पदों को क्रमोन्नत/पुनर्गठन को मंजूरी दी है। पुनर्गठन से 475 कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्णय से विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के 352 पदों तथा उप निदेशक के 123 पदों का सृजन हो सकेगा। पुनर्गठन के बाद प्रत्येक संभागीय अतिरिक्त निदेशक कार्यालय में एक अतिरिक्त निदेशक एवं 3 उप निदेशक, जिला कार्यालय में 4 उप निदेशक तथा 1 वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में विभिन्न सेवा/काडर में पदोन्नति के समुचित अवसर प्रदान करने की दृष्टि से आवश्यकतानुसार पुनर्गठन एवं पदोन्नति के पदों में वृद्धि करने के लिए घोषणा की थी।

# आवासन आयुक्त ने की पौधारोपण कार्य की समीक्षा आवासन मण्डल की योजनाओं को बनाएं हरा-भरा

### इस वर्ष लगेंगे 50 हजार पेड़-पौधे मानसून सीजन में करें सघन पौधारोपण

गुरूज्योति पत्रिका

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल अपनी विभिन्न आवासीय योजनाओं में इस वर्ष 50 हजार हरे-भरे पौधे लगाएगा। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने प्रदेश में विभिन्न आवासीय योजनाओं तथा निर्माणाधीन प्रोजेक्टों में सघन पौधारोपण करने के निर्देश मण्डल अभियन्ताओं को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मानसून को देखते हुए पार्कों, सडक के किनारों, सांस्थानिक क्षेत्रों सहित अन्य खाली चिन्हित स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। अरोडा मंगलवार को बोर्ड कक्ष में पौधरोपण प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाटिका, निवाई, बड़ली (जोधपुर), शिवबाडी (बीकानेर), मानपुर आबूरोड़, भींडर, खोढा गणेश (किशनगढ) सहित मण्डल की अन्य नवविकसित योजनाओं को भी हरा-भरा बनाया जाए। आवासन आयुक्त ने निर्देश दिये कि प्रताप नगर में 8 हजार, मानसरोवर, इंदिरा गांधी नगर तथा इंदिरा गांधी नगर विस्तार में 5-5 हजार, निवाई तथा शिवबाडी में 3-3 हजार, उदयपुर में ढाई हजार, अलवर तथा भिवाडी में 2 हजार सहित धौलपुर, नायला, आबू रोड, नागौर, फलौदी, कुडी भगतासनी, बाडमेर आदि योजनाओं में कुल 50 हजार पौधे तथा लगभग 1 लाख शर्ब्स एवं लताएं (बोगनबेलिया, टीकोमा, चांदनी, लेंटाना, फायकस आदि) लगाए जाएं। अरोडा ने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सार-संभाल की व्यवस्था की जाए और इस काम में सामाजिक, स्वयंसेवी, शिक्षण संस्थाओं सहित आमजन का पूरा सहयोग लें।

### श्माय पार्क-सिटी पार्कश् की थीम पर होगा पौधारोपण

आवासन आयुक्त ने कहा कि मानसरोवर में विकसित किये जा रहे सिटी पार्क में श्माय पार्क-सिटी पार्कश् की थीम पर आमजन के सहयोग से 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्क में सजावटी पौधों के साथ विभिन्न किस्मों के छायादार, फलदार-फूलदार पेड-पौधे लगाए जाएं। आरएचबी ग्रीन एप के माध्यम से स्वयंसेवी संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से यहां इस माह के अन्त में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। अरोडा ने कहा कि सेंट्रल पार्क से भी बडा यह पार्क 52 एकड़ में बन रहा है। इसमें 75 फीसदी ग्रीन एरिया है। यहां जॉगिंग ट्रेक, वॉकिंग ट्रेक, वाटर बॉडीज, बॉटनीकल गार्डन, एंट्रेंस प्लाजा, फूड कोर्ट, पार्किंग सहित कई सुविधाएं विकसित की जा रही है। आवासन आयुक्त ने इस दौरान गत वर्ष के पौधरोपण अभियान की भी समीक्षा की। वरिष्ठ उद्यानविद् दिलीप शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में 38 हजार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही बोगनबेलिया, टीकोमा, लेंटाना, जेट्रोफा, कनेर, इनर्मी, सिसलपिनिया आदि प्रजातियों के 50 हजार फुलवारी के पौधों का भी रोपण किया गया है। बैठक में मुख्य अभियन्ता के.सी. मीणा तथा जी.एस. बाघेला, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता नत्थूराम, संजय पूनिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936